गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 530/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 15.07.2025

प्रति,

समस्त सम्माननीय सदस्यगण
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
**Subject :-** Dispatch of minutes of 213th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 15-07-2025.

---0---

महोदय/महोदया,
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 15.07.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 213th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 15-07-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 531/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 15.07.2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज़ सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 3. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सी.एस. बझलवार | सदस्य |
| 5. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 6. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 9. | प्रो0 ए.के. ठाकुर, आचार्य, प्रभारी अधिष्ठाता गणितीय और संगणक विद्यापीठ | सदस्य |
| 10. | प्रो0 सुधांशु रंजन मोहापात्रा | सदस्य |
| 11. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 12. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति, निदेशक—अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 13. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 14. | डॉ0 सुबल दास | सदस्य |
| 15. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 16. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी—विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता—छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति — 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओ.डी.एल. | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 आर.के. चौबे, ओ.एस.डी. यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी—भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 27. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :—

1. प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव,

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया एवं परिश्रम के महत्व को समझाया गया और सफलता के लिए परिश्रम करने की आवश्यकता पर बल दिया। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :—

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :— निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।



Randive
15-07-2025

15/07/2025

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 212वीं बैठक दिनांक 06.07.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **मेंटर–मेंटी नीति का अंतिम मसौदा के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मेंटर–मेंटी नीति का अंतिम मसौदा प्रस्ताव का आंशिक संशोधनों के साथ अनुमोदन किया गया।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि सुझाये गये संशोधनों को मेंटर–मेंटी नीति में शामिल कर लिया जाय एवं आगामी बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया जाय।

**विषय क्र. 04.** **समर्थ पोर्टल में प्रविष्टि के लिये गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर की सड़कों, गलियों एवं फुटपाथ के नामकरण के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि समर्थ पोर्टल में प्रविष्टि के लिये गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर की सड़कों, गलियों एवं फुटपाथ के नामकरण करने हेतु प्रस्ताव प्रारूपित करने समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 05.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Department of Information Technology and e-Governance, Government of Jharkhand के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Department of Information Technology and e-Governance, Government of Jharkhand के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 06.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Visvesvaraya National Institute of Technology (VNIT) के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Visvesvaraya National Institute of Technology (VNIT) के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 07.** **अर्थशास्त्र विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 27.06.2025 द्वारा अनुशंसित B.A. एवं M.A. का संशोधित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अर्थशास्त्र विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 27.06.2025 द्वारा अनुशंसित B.A. एवं M.A. का संशोधित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

Kanadive
15-07-2025

15/07/2025

**विषय क्र. 08.** **राजनीति विज्ञान विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 28.06.2025 द्वारा अनुशंसित B.A. एवं M.A. का संशोधित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि राजनीति विज्ञान विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 28.06.2025 द्वारा अनुशंसित B.A. एवं M.A. का संशोधित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र स्थापित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रो0 आर.के. प्रधान अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान, विद्यापीठ के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर प्रो0 ब्रजेश तिवारी ने समर्थन दिया।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र स्थापित किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को कैपिटल असेट्स मद में प्राप्त अनुदान की जानकारी प्रस्तुत की गई। स्थायी समिति ने वित्ताधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया। यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर इस धनराशि को पुनरावंटित करने का अधिकार माननीय कुलगुरु महोदय के विवेकाधीन रहेगा।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष आंग्ल एवं विदेशी भाषा विभाग के द्वारा पाली विषय में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रम संचालित किये जाने अध्यादेशों एवं शुल्क संरचना का प्रारूप प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तावित अध्यादेश प्रारूप एवं शुल्क संरचना का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रो0 हरीश कुमार, प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा ई–मेल दिनांक 15.07.2025 के माध्यम से स्वास्थ्यगत कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्राप्त आवेदन पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि स्वास्थ्यगत कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति आवेदन स्वीकार कर लिया जाय तथा इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया कर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति तिथि का निर्धारण भी कर लिया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .05** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अधिष्ठाता अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यापीठ द्वारा केन्द्रीय स्थानन प्रकोष्ठ की स्थापना के लिए दिशा–निर्देश का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्तावानुसार केन्द्रीय स्थानन प्रकोष्ठ स्थापना संबंधी प्रस्तुत दिशा–निर्देशों का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .06** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष डॉ0 गीता मिश्रा, सदस्या के द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि विश्वविद्यालय के नवीन छात्रावासों का नामकरण किया जाय, जिस पर प्रो0 सीमा राय ने समर्थन प्रदान किया। उक्त विषय पर चर्चा उपरान्त स्थायी समिति ने छात्रावासों के निम्नानुसार नामों पर सहमति व्यक्त की–

बालिका छात्रावास – रानी गाइदिन्ल्यू

बालक छात्रावास – टंट्या भील

Raudive
15-07-2025

15/07/2025

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त छात्रावासों के नाम, नाम पट्टिका, प्रदर्शन (डिस्प्ले) पट्टिका आदि के लिए यथोचित प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्यों में प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, प्रो0 सीमा राय, प्रो0 भारती अहिरवार, श्री टी.पी. सिंह को शामिल किये जाने की सहमति भी स्थायी समिति द्वारा प्रदान की गई।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि समिति के गठन एवं सदस्यों के नाम नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**अ.अ.वि.क्र .07** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रो0 राजेन्द्र मेहता, अधिष्ठाता, अंतरविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विद्यापीठ के द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं के लिये लोगो प्रारूपित किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रो0 आर.के. प्रधान, अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लिए लोगो प्रारूपित किये जाने हेतु समिति का गठन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त समिति के गठन हेतु एवं सदस्यों के नाम नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**अ.अ.वि.क्र .08** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रो0 एच0एस0 तिवारी, अधिष्ठाता, भौतिक विज्ञान विद्यापीठ के द्वारा शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग में एडजंक्ट फैकल्टी के रूप में डॉ0 अर्चना शर्मा को नियुक्त किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रो0 सीमा राय, अधिष्ठाता, जीव विज्ञान विद्यापीठ द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि डॉ0 अर्चना शर्मा को शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग में एडजंक्ट फैकल्टी के रूप में नियुक्ति प्रदान की जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

15-07-2025 15/07/2025

**कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव** **कुलपति/अध्यक्ष**